दैनिक जागरण 15/01/2026

उन्नतशील खेती के साथ वर्मी कंपोस्ट रोजगार का भी साधन

प्राचार्य डा. रोहित दत्त अतिथि को सम्मानित करते हुए। ● विज्ञप्ति

अंबाला ● विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल अंबाला कैंट में सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन एसडीजी, ईको क्लब, एनएसएस व एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर शिल्पी एग्रो फाउंडेशन की संचालिका एवं पर्यावरण कार्यकर्ता पूजा ने महाविद्यालय का दौरा कर विद्यार्थियों को वर्मी कंपोस्टिंग एवं प्राकृतिक खाद निर्माण के विषय में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। पूजा ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने इस क्षेत्र में अपनी रुचि विकसित की और निरंतर प्रयासों के माध्यम से इसे एक प्रभावशाली सामाजिक एवं पर्यावरणीय पहल में परिवर्तित किया। वे विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर प्राकृतिक खाद निर्माण एवं सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को ऐसे प्रेरक व्यक्तित्वों से सीख लेने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।